श्री बंशीधर नगर, शनिवार
21.12.2024
पौष कृष्णपक्ष षष्ठी संवत 2081
वर्ष : 03, अंक : 118

**सूर्योदय-सूर्यास्त**
उदय - 06:33 बजे
अस्त - 05:12 बजे

**तापमान**
अधिकतम : 25 डिग्री से.
न्यूनतम : 12 डिग्री से.

# बंशीधर न्यूज

कलम है, तो आवाज़ बुलंद है...



डिजिटल अखबार www.banshidharnews.com

आधा दर्जन पंप के साथ गिरफ्तार कर भेजा जेल >> पेज 03
मौनी रॉय ने अपने नए प्रोजेक्ट 'सलाकार' की घोषणा : पेज 04

## सुविचार

सिर्फ उतना ही विनम्र बनो जितना जरूरी हो, वेवजह की विनम्रता दूसरों के अहम को बढ़ावा देती है।

## न्यूज अपडेट्स

### कैबिनेट की बैठक 24 को

**रांची।** झारखंड कैबिनेट की बैठक 24 दिसंबर को होगी। झारखंड मंत्रालय (प्रोजेक्ट भवन) में शाम चार बजे मंत्रिपरिषद की बैठक आयोजित की जाएगी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इसकी अध्यक्षता करेंगे। इसमें कई प्रस्तावों पर मुहर लगेगी। मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) के जरिये इसकी जानकारी शुक्रवार को दी गयी है।

### स्कॉर्पियो का शीशा तोड़कर उड़ाये पांच लाख

**रामगढ़।** रामगढ़ शहर में एक बार फिर चोरों ने एक बड़ी घटना को अंजाम दिया है। चोरों ने रामगढ़ कॉलेज जैसे भीड़ भाड़ वाले इलाके में एक स्कॉर्पियो का शीशा तोड़कर पांच लाख रुपए उड़ा लिए हैं। यह घटना रामगढ़ शहर की जेजे टेंट के मालिक अजय कुमार महतो के साथ घटी है। चोरों ने जैसे ही गाड़ी की डिक्की का शीशा तोड़ा वह रुपये से भरा बैग लेकर फरार हो गए। गाड़ी का शीशा टूटने की आवाज सुनकर लोगों ने शोर मचाया। अजय कुमार जब वहां पहुंचे तो अपना सिर पीट लिए। रामगढ़ पुलिस ने इस मामले में (कांड संख्या 397/24) अंकित कर कार्रवाई शुरू कर दी है। रामगढ़ थाना क्षेत्र के गोसा निवासी अजय कुमार महतो ने शुक्रवार को बताया कि डीएस कॉम्पलेक्स में स्थित एक्सिस बैंक से पांच लाख रुपए निकाले थे। फिर वे स्टाफ सचिन कुमार के साथ स्कॉर्पियो ( जेएच 24 ई 7771) से नईसराय एप्पल शोरूम पहुंचे। यहां उन्होंने मोबाइल खरीदा। बाद में रामगढ़ कॉलेज गेट के पास रोड किनारे लगाकर जी मार्ट के अंदर चले गए। थोड़ी देर बाद हल्ला होने पर बाहर निकले तो देखा कि गाड़ी का शीशा टूटा हुआ है और रुपये गायब हैं।

**वित्त मंत्री सम्मेलन** वित्त मंत्री किशोर ने राज्य के लिए केंद्र सरकार से मांगी विशेष सहायता

# झारखंड का बकाया 1.36 लाख करोड़ दें

बंशीधर न्यूज

**रांची।** केंद्र पर कोयला रॉयल्टी मद में 1.36 लाख करोड़ रुपये बकाया की मांग शुक्रवार को राजस्थान के जैसलमेर में भी गूंजी। केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण के समक्ष राज्य सरकार के वित्तमंत्री राधाकृष्ण किशोर ने प्रमुखता से इस मांग को उठाते हुए कहा कि केंद्र सरकार बकाया की राशि प्रदान करे। उन्होंने केंद्र सरकार से आग्रह किया कि पांच वर्ष तक राज्य को विशेष केंद्रीय सहायता प्रदान की जाए। इस मद में मिलने वाला अनुदान बंद हो चुका है। इस राशि से नक्सल प्रभावित जिलों के विकास का कार्य होता है। उन्होंने राज्य में व्यावसायिक गतिविधियों को गति देने के लिए रांची-पटना और रांची-कोलकाता के बीच एक्सप्रेसवे बनाने पर बल दिया।

वित्तमंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में गठबंधन



की सरकार झारखंड के सर्वांगीण विकास के लिए दृढ़ संकल्पित है। राज्य के संपूर्ण विकास के लिए राज्य सरकार के पास बहुआयामी योजना के साथ-साथ दूरदर्शिता भी है। विकास के उद्देश्य को राज्य अपने आय के आंतरिक स्त्रोतों से पूरा करने में असमर्थ है। जनजाति बाहुल्य राज्य के सर्वांगीण विकास में भारत सरकार का आर्थिक सहयोग आवश्यक है। केंद्र सरकार वाश्ड कोल रायल्टी का 2900 करोड़, कामन काज का 32000 करोड़ तथा भूमि मुआवजा मद में एक लाख एक हजार 142 करोड़ रुपये यानि कुल 1.36 लाख करोड़ रुपये बकाया राशि झारखंड को उपलब्ध कराए।

### ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूती में करें सहयोग

वित्त मंत्रियों के सम्मेलन में राधाकृष्ण किशोर ने सिलसिलेवार तरीके से अपनी बातें रखी। उन्होंने कहा कि राज्य की प्रतिव्यक्ति आय एक लाख पांच हजार 274 रुपये है। राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन-पांच के अनुसार, राज्य की लगभग 65% महिलाएं रक्त की कमी से ग्रसित हैं। पांच वर्ष तक की आयु वाले 67% बच्चे कुपोषण के शिकार हैं। पशुपालन और दुग्ध उत्पादन के माध्यम से छोटे और सीमांत किसानों की आजीविका और आय के स्त्रोत में वृद्धि की जा सकती है। राज्य में प्रति वर्ष 26.29 लाख मैट्रिक टन दुग्ध उत्पादन होता है, जबकि राष्ट्रीय औसत 2210.64 मैट्रिक टन है। राज्य में प्रतिदिन प्रति व्यक्ति मात्र 195 ग्राम दूध उपलब्ध होता है, जबकि राष्ट्रीय औसत 444 ग्राम प्रतिदिन प्रति व्यक्ति है। ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूती के लिए दुग्ध उत्पादन, मत्स्य एवं पशुपालन के क्षेत्र में भारत सरकार का सहयोग आवश्यक है।

### राष्ट्रीय स्तर पर बनाएं जनजातीय स्वास्थ्य नीति

सम्मेलन में वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने जनजातीय समुदाय में व्याप्त गरीबी, कुपोषण एवं स्वास्थ्य की चुनौतियों के लिए राष्ट्रीय स्तर पर जनजातीय स्वास्थ्य नीति की आवश्यकता जताई। कहा कि विशेष स्वास्थ्य व्यवस्था के लिए झारखंड के आदिवासी बहुल खूंटी, गुमला तथा सिमडेगा जिले के बीच में एक उच्च कोटि का मेडिकल कालेज-अस्पताल की स्थापना आवश्यक है। यहां आदिवासी समुदाय की परंपरागत औषधि पर भी विशेष शोध हो सकेगा। एक विश्वस्तरीय ट्राइबल यूनिवर्सिटी बनाने के लिए सरकार संकल्पित है। केंद्र सरकार से अपेक्षा है कि वह इसके लिए राज्य सरकार को सहयोग करे। इस यूनिवर्सिटी में पारंपरिक एवं आधुनिक ज्ञान का अध्ययन एवं शोध कार्य होगा।

### पलामू में बने कृषि यूनिवर्सिटी

सम्मेलन में निरंतर सूखा का दंश झेल रहे पलामू प्रखंड के मुख्यालय मेदिनीनगर में कृषि विश्वविद्यालय की स्थापना की मांग की गई। इसके अलावा परिवहन संसाधनों को मजबूत करने के लिए केंद्र सरकार के सहयोग पर बल दिया गया। बताया गया कि अधिकांश खनिजों की ढुलाई सड़कों के माध्यम से होती है। सघन सड़क के दृष्टिकोण से राज्य देश की तुलना में काफी पीछे है। राज्य में प्रति एक हजार स्क्वायर किमी में 186 .69 सड़क की उपलब्धता है, जबकि राष्ट्रीय औसत 500 .84 स्क्वायर किमी है। राज्य में सड़कों का घनत्व राष्ट्रीय औसत के समकक्ष लाने में केंद्र सरकार के सहयोग की आवश्यकता है। चतरा, गुमला और सिमडेगा जिला मुख्यालय को रेल से जोड़ा जाए। मत्स्य पालन के लिए रांची व देवघर को देश के बड़े महानगरों से जोड़ने के लिए हवाई सेवा उपलब्ध कराई जाए।

### जल संकट को आर्थिक मदद

सम्मेलन में ध्यान दिलाया गया कि राज्य में भूगर्भ जल का स्तर खतरनाक ढंग से नीचे जा रहा है। स्वर्णरेखा, उत्तर कोयल, दामोदर, बराकर, मयूराक्षी जैसी कुल 11 नदी बेसिन है। इन नदियों पर जल संग्रहण के निर्माण के लिए विशेष आर्थिक पैकेज प्रदान किया जाए। सभी वर्ग के अल्पसंख्यकों का विकास हेमंत सोरेन सरकार की प्रतिबद्धता है। इन समुदायों के सर्वांगीण विकास के लिए केंद्र सरकार राज्य को आर्थिक सहयोग प्रदान करें। पलामू प्रखंड के बेतला नेशनल पार्क, गाठ, महुआटांड, नेतरहाट तथा रांची को पर्यटन सर्किल से जोड़ने के लिए केंद्र सरकार का सहयोग दे।

### पेंशन की राशि बढ़ाएं, रेलवे में अंशदान हो 50:50

सम्मेलन में जानकारी दी गई कि इंदिरा गांधी वृद्धावस्था पेंशन योजना, इंदिरा गांधी दिव्यांग पेंशन योजना, इंदिरा गांधी विधवा पेंशन योजना में वर्ष 2012 से केंद्र सरकार द्वारा क्रमशः 200 रुपये, 300 रुपये तथा 300 रुपये की दर से पेंशन राशि दी जाती है। मुद्रास्फीति को ध्यान में रखते हुए इसे संशोधित किए जाने की आवश्यकता है। रेल ओवरब्रिज के निर्माण लागत में केंद्र-राज्य सरकार के दायित्व का कुल लागत का क्रमशः 50 :50 किया जाए।

## यात्री बस और ट्रक में भीषण टक्कर, 10 से अधिक यात्री घायल

बंशीधर न्यूज

**लातेहार।** सदर थाना क्षेत्र के उदयपुरा गांव के निकट शुक्रवार को राष्ट्रीय राजमार्ग 75 पर यात्री बस और ट्रक में भीषण टक्कर हो गयी। इस घटना में 10 से अधिक यात्री घायल हो गए हैं। घायलों में लातेहार निवासी नीतू कुमारी, ललिता मिंज, देवलाल राम , फैजान अंसारी, रीता देवी, निक्कू कुमार, बालूमाथ निवासी रितु कुमारी ,परी कुमारी और लोहरदगा निवासी मेराज मियां आदि शामिल हैं। इनमें मिराज मियां तथा दो अन्य यात्रियों की स्थिति गंभीर है । सभी घायलों का इलाज लातेहार सदर अस्पताल में किया गया। मिली जानकारी के अनुसार लातेहार से हजारीबाग की ओर पम्मी यात्री बस जा रही थी।इसी दौरान उदयपुरा से थोड़ी दूर पहले सामने से आ रही ट्रक और बस में सीधी टक्कर हो गई। टक्कर के बाद बस और ट्रक दोनों के सामने का हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, जिससे बस में सवार सभी यात्री गाड़ी में ही फंस गए। बाद में उधर से गुजर रहे कुछ लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। इसके बाद अंचल अधिकारी अरविंद देवाशीष टोप्पो और थाना प्रभारी प्रमोद कुमार के नेतृत्व में पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंची और बस का पिछला दरवाजा तोड़कर सभी घायलों को बाहर निकाला और उन्हें अस्पताल पहुंचाया। वही जेसीबी की मदद से दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को सड़क से हटाया गया । इस संबंध में अंचलाधिकारी ने बताया कि सभी घायलों को अस्पताल पहुंचा दिया गया है और यातायात को भी सुचारू कर दिया गया है।

## अंचलाधिकारी पर हमला, जमीन मापी के लिए गुमो खरीटांड़ गयी थी अंचल की टीम

**कोडरमा।** जिले के तिलैया थाना अंतर्गत गुमो खरीटांड में वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के निर्माण को लेकर विवाद जारी है। प्लांट निर्माण लिए चल रही जमीन मापी के दौरान कोडरमा अंचल अधिकारी हलधर कुमार सेठी को ग्रामीणों के आक्रोश का सामना करना पड़ा। आक्रोशित ग्रामीणों ने अंचल अधिकारी को घेर लिया और हंगामा मचाते हुए पत्थरबाजी की। बगैर जमीन मापी किए सीओ की अगुवाई में पहुंची अंचल की टीम को



वापस लौटना पड़ा। झुमरीतिलैया स्थित गुमो के खरीटांड के खाली पड़े इस भूभाग पर वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण किया जाना है। शुक्रवार को जुडको की ओर से निर्माण के लिए चिह्नित भूमि पर जमीन की मापी का कार्य किया जा रहा था। यहां लगने वाले वाटर ट्रीटमेंट प्लांट से कोडरमा और झुमरीतिलैया में शहरी जलापूर्ति का संचालन किया जाना है। उक्त जमीन तीन साल पहले ही चिन्हित की गई थी और इस बाबत ग्रामीणों को जानकारी भी दी गई थी, लेकिन जब निर्माण कार्य की प्रक्रिया शुरू हुई तो ग्रामीण विरोध करने लगे। सीओ हलधर कुमार सेठी ने बताया कि जब वे लोग वहां पहुंचे तो ग्रामीणों ने उनकी गाड़ी घेर ली और दूर से कुछ ग्रामीण पत्थरबाजी भी करने लगे। इस कारण जमीन की मापी किए बिना अंचल की टीम को वापस लौटना पड़ा। इस मामले को लेकर सीओ के आवेदन पर तिलैया थाने में 17 नामजद सहित 50 अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।

## आज होगा साल का सबसे छोटा दिन व सबसे बड़ी रात

**उज्जैन।** आज शनिवार को साल का सबसे छोटा दिन और सबसे बड़ी रात होगी। उज्जैन में दिन 10 घण्टे 41 मिनिट का होगा ओर रात 13 घण्टे 19 मिनिट की होगी। इसे सायन उत्तरायण भी कहा जाता है। जीवाजी वेधशाला, उज्जैन के प्रभारी डॉ.आर.पी.गुप्त के अनुसार, शनिवार, 21 दिसम्बर को उज्जैन में सूर्योदय 7 बजकर 4 मिनट तथा सूर्यास्त 5 बजकर 45 मिनट पर होगा। अतः शनिवार को उज्जैन में दिन की अवधि 10 घन्टे 41 मिनट तथा रात की अवधि 13 घन्टे 19 मिनट की होगी। 21 दिसम्बर को सूर्य सायन मकर राशि में प्रवेश




करेगा। रविवार से सूर्य की गति उत्तर की ओर दृष्टिगोचर होना प्रारम्भ हो जाएगी, जिसे सायन उत्तरायन का प्रारम्भ कहते हैं। डॉ.गुप्त ने बताया कि सूर्य के चारों ओर पृथ्वी के परिभ्रमण के कारण 21 दिसम्बर को सूर्य मकर रेखा पर लम्बवत होता है। ऐसा होने से शनिवार को सूर्य की क्रान्ति 23 अंश 26 कला 16 विकला दक्षिण होगी। जिससे भारत सहित उत्तरी गोलार्द्ध में स्थित देशों में सबसे छोटा दिन तथा सबसे बड़ी रात होगी। सूर्य की उत्तर की ओर गति होने के कारण उत्तरी गोलार्द्ध में दिन धीरे-धीरे बड़े होने लगेंगे तथा रात छोटी होने लगेगी। 20 मार्च, 2025 को सूर्य विषुवत रेखा पर लम्बवत होगा। तब दिन और रात बराबर होंगे। इस घटना को जीवाजी वेधशाला के शंकु यन्त्र के माध्यम से प्रत्यक्ष देखा जा सकेगा। इस दिन शंकु की छाया सबसे लम्बी होकर पूरे दिवस मकर रेखा पर गमन करती हुई दृष्टिगोचर होगी। इस घटना को धूप होने पर ही देख सकेंगे। उन्होने बताया कि 21 दिसम्बर को वेधशाला द्वारा स्कूल शिक्षा के 5 विद्यालयों से 50 विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को वेधशाला आमंत्रित किया गया है। इन विद्यार्थियों को खगोलीय अवलोकन करवाकर खगोलीय ज्ञान परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र एवं प्रथम तीन स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।

## खलिहान में सो रहे मां-बेटे की जलकर मौत

बंशीधर न्यूज

**गिरिडीह।** डुमरी प्रखण्ड के मधुबन थाना इलाके के छछंदो पंचायत के जोभी गांव में गुरूवार की देर रात में एक दर्दनाक घटना हुई । बताया गया कि धान के खलिहान में गांव की एक महिला और उसके पुत्र की जल कर मौत हो गई। दोनों पूरी तरह से जल गए थे। दोनों मृतक की पहचान जोभी गांव निवासी सोमरा मुर्मू की पत्नी नुनिया देवी (40) और उनका छोटा पुत्र चांद मुर्मू (12) के रूप में हुई है।

पति सोमरा मुर्मू का कहना है कि रात को उनकी पत्नी और उनका पुत्र खलिहान में सोने गया था। देर रात जब लोगों की चिख पुकार सुनी तो वह भागकर खलिहान पहुंचा जहां आग लगी हुई थी और उसके चपेट में आकर दोनों की मौत



हो गई । बताया कि उसके छह बच्चे हैं जिनमें से सबसे छोटा चांद मुर्मू था।घटना की जानकारी मिलते ही मधुबन थाना पुलिस शुक्रवार को घटना स्थल पर पहुंच कर छानबीन कर जले हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए गिरिडीह भेज दिया। आशंका जताई जा रही है कि खेत के समीप खलिहान के बाहर ठंड से बचने के लिए आग तापकर मां- बेटे सोने चल गये थे। आग की चिंगारी संभवतः रह गई हो और फिर वह पुआल से बने कुंभा (घर) में पकड़ लिया हो। इससे जलकर दोनों की मौत हो गई। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है।घटना के बाद गांव में मातम पसरा है। घटना की खबर सुन स्थानीय विधायक जयराम महतो , जेएमएम नेता अखिलेश महतो, झामुमो प्रखण्ड अध्यक्ष राजकुमार महतो राजू, भाजपा नेता दीपक श्रीवास्तव आदि गांव पहुंच कर शोकाकुल परिवार से मिल सांत्वना दी।



# जवान के घर में लगभग डेढ़ लाख रुपये की हुई चोरी

बंशीधर न्यूज

**कांडी :** थाना क्षेत्र के अधौरा गांव निवासी सह झारखण्ड पुलिस के जवान प्रेमचंद कुमार व छोटे भाई आशीष कुमार के घर में अज्ञात चोरों ने घर का ताला तोड़कर घर में रखे कीमती सामान चोरी कर फरार हो गये। घटना गुरुवार रात की है। पीड़ित ने बताया कि चोरों ने लगभग डेढ़ लाख की संपत्ति चोरी कर लिये हैं। चोरों ने घर का ताला तोड़कर घर में घुस कर घटना को अंजाम दिया है। घटना के समय घर में कोई नहीं था। घर के लोग मेदिनीनगर में रहते हैं। जबकि प्रेमचंद कुमार अपनी ड्यूटी पर धनबाद में हैं। सूचना मिलने पर सभी घर आये। पीड़िता अनिता देवी व चंचला देवी ने बताया कि घर के अंदर ट्रंक में रखे पीतल, फूल व कांसा का कीमती बर्तन तथा अनिता देवी का एक सोने का मंगलसूत्र, एक जोड़ा कान का बाली तथा एक जोड़ा पायल के साथ कई आवश्यक कागजात चोरों ने चोरी कर ली। चोरों ने दोनों के घर में रखे बक्सा, ट्रॉली बैग, दो बड़ा ट्रंक को तोड़कर उसमें रखा हुआ सभी सामान को घर के अंदर फेंक दिये हैं। चोरों ने आस पास के दो घर प्रमोद पासवान व राज कुमार गुप्ता के घर का दरवाजा बाहर से बन्द कर दिये थे। लगभग एक सप्ताह पूर्व इसी गांव के मुन्ना चौधरी के घर में भी चोरी की घटना घट चुकी है। घटना की सूचना पाकर एसआई भावेश झा अपने पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच कर जांच पड़ताल की। इस विषय में थाना प्रभारी अविनाश राज ने बताया कि अभी आवेदन नहीं मिला है। पुलिस जांच कर रही है, जल्द ही मामले का उद्भेदन कर लिया जायेगा।

## न्यूज अपडेट्स

### एआरडी में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता आज से

**गढ़वा :** अवध राज देवी ट्रस्ट द्वारा संचालित एआरडी पब्लिक स्कूल में तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन शनिवार से प्रारम्भ किया जायेगा। इसकी जानकारी देते हुये विद्यालय की प्रधानाचार्या अणिमा पाण्डेय ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन 21 से 23 दिसम्बर तक किया जायेगा। जिसमें मुख्यातिथि के रूप मे प्रखंड प्रसार पदाधिकारी गढ़वा रम्भा चौबे, छत्तरपुर पंचायत के पूर्व मुखिया मुजीबु रहमान एवं भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि इन तीन दिनों मे स्कूली बच्चों के बीच विभिन्न प्रकार के खेलकूद प्रतियोगिताएं कराई जायेगी। खेल व अन्य गतिविधियों मे उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को मंगलवार को समापन समारोह के दौरान मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जायेगा।

### कांडी में फूंका शाह का पुतला

**कांडी :** प्रखंड मुख्यालय स्थित बाजार में शुक्रवार की शाम राजद प्रखंड अध्यक्ष इमामुद्दीन खान के नेतृत्व में लोगों ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का पुतला दहन किया। अमित शाह द्वारा लोकसभा में संविधान निमार्ता डॉ भीमराव अंबेडकर के प्रति की गई आपत्तिजनक कॉमेंट के विरुद्ध लोगों ने कांडी में पुतला दहन किया। राजद प्रखंड अध्यक्ष इमामुद्दीन खान के नेतृत्व में जिप सदस्य प्रतिनिधि दिनेश कुमार, आजाद समाज पार्टी के जिला महासचिव डॉ राम कृष्ण राम, पूर्व पंचायत समिति सदस्य प्रमोद राम, पूर्व विधायक प्रतिनिधि देवेंद्र प्रजापति, शिवपुर पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि लवकुश राम, समाजसेवी गोपाल भारती, राजेंद्र पाल, शंकर मेहता, ज्ञानचंद रवि, चंदन, अविनाश, गौरव एवं परसू कुमार सहित दो दर्जन लोगों ने प्रखंड भवन से कपूरीं चौक तक विरोध मार्च निकाला।

## विरोध अंबेडकर विरोधी बयान का विरोध

# अमित शाह का पुतला फूंका

बंशीधर न्यूज



**गढ़वा :** झामुमो ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा राज्यसभा में बाबा साहब डा भीमराव अम्बेडकर पर की गई टिप्पणी के विरोध में शहर के रंका मोड़ घंटा घर के समीप अमित शाह का पुतला दहन किया। इससे पूर्व झामुमो नेताओं एवं कार्यकताओं ने गृह मंत्री अमित शाह का शव यात्रा निकालकर शहर में भ्रमण किया। तत्पश्चात रंका मोड़ पहुंचकर नुक्कड़ सभा का आयोजन किया। नुक्कड़ सभा के पश्चात गृह मंत्री का पुतला दहन किया। मौके पर झामुमो नेताओं ने कहा कि देश के गृह मंत्री द्वारा दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश भारत के संविधान निमार्ता भारत रत्न बाबा साहब डा भीमराव अंबेडकर पर टिप्पणी करना बहुत ही शर्मनाक हरकत है। गृह मंत्री के इस बयान से पूरे देशवासी शर्मिंदा हैं। गृह मंत्री अमित शाह का बयान बहुत ही खेदजनक है। इस प्रकार के बयान बाजी के लिये गृह मंत्री को सार्वजनिक तौर पर माफी मांगनी चाहिये। यदि वे ऐसा नहीं करते हैं तो देश की जनता उन्हें माफ नहीं करेगी। वक्ताओं ने कहा कि गृह मंत्री के बयान से यह साफ झलकता है कि भाजपा किस विचारधारा और मानसिकता की पार्टी है। वक्ताओं ने कहा कि गृह मंत्री सार्वजनिक रूप से माफी नहीं मांगेंगे तो पूरे देश भर में और तेज आंदोलन होगा। उस मौके पर मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष तनवीर आलम खान, जिला सचिव मनोज ठाकुर, पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा, नितेश सिंह, रेखा चौबे, अंजलि गुप्ता, चंदा देवी, आराधना सिंह, फरीद खान, सलिम जाफर, मकबूल खान, सफिक अंसारी, आशिष गुप्ता, फूजैल अहमद, नीलू, अरमान सिद्दकी, सुनिल गौतम, जैनुलला अंसारी, अनिल चंद्रवंशी, रोशन पाठक, संजय कांस्यकार, मुमताज रंगसाज सहित काफी संख्या में झामुमो नेता व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### भाजपा संविधान को बदलना चाहती है : राजेन्द्र सिन्हा



**मेदिनीनगर :** केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा बाबा साहब भीम राव आंबेडकर को लेकर की गई कथित विवादित टिप्पणी के खिलाफ झामुमो ने प्रदर्शन किया और गृह मंत्री के खिलाफ नारे लगाते हुये उनका पुतला दहन किया। झामुमो के सभी नेता कार्यकर्ता झामुमो जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा के नेतृत्व में झामुमो कार्यालय से छहमुहान तक जुलूस निकाल कर गृह मंत्री का पुतला दहन किया। राजेंद्र सिन्हा ने बताया कि भाजपा देश में अराजकता फैलाना चाहती है। भाजपा नहीं चाहती कि सदन में और देश में जनता की बात हो। ये भूल जाते हैं कि देश संविधान से चलता है, इनके दक्षिणपंथी विचारधारा से नहीं। अमित शाह पार्टी तोड़ते-तोड़ते अब देश को तोड़ने में लगे हैं। झारखंड की जनता ने विधानसभा में जिस तरीके से भाजपा को जवाब दिया है, ठीक उसी तरह देश की जनता भी जवाब देगी। झारखंड मुक्ति मोर्चा मांग करती है कि अमित शाह को पद से हटाया जाय। भाजपा के संविधान बदलने की मंशा को झामुमो कभी पूरा नहीं होने देगी। मौके पर उपस्थित झामुमो नेता वीरेंद्र पासवान ने अमित शाह के बयान की निंदा की। कहा कि भाजपा की मंशा शुरू से ही संविधान से छेड़छाड़ करने की है। देश स्वयंसेवक संघ के विचारधारा से नहीं संविधान से चलेगा। प्रधानमंत्री की चुप्पी अमित शाह के बयान की मौन स्वीकृति है। मौके पर सचिव सन्नू सिद्धिकी, कोषाध्यक्ष रमेश सिंह, केंद्रीय समिति सदस्य संजीव तिवारी, मुन्ना सिन्हा, उपाध्यक्ष राजेश सिंहा, असफर रब्बानी संयुक्त सचिव रंजन कुमार वरिष्ठ नेता हाजी ललन, बबलू शाहनवाज, नगर अध्यक्ष रणजीत जायसवाल, सचिव छोटू त्रिपाठी युवा मोर्चा अध्यक्ष सन्नी शुक्ला, उपाध्यक्ष प्रवीण तिवारी सहित सैकड़ों झामुमो के नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## हायज्ञ के दौरान सतबहिनी तीर्थ में लगाये जाएंगे विशेष किस्म के पौधे

बंशीधर न्यूज

**कांडी :** मां सतबहिनी झरना तीर्थ एवं पर्यटन स्थल विकास समिति के बहुत पुराने विशिष्ट स्थायी सदस्य वन प्रमंडल पदाधिकारी डीएफओ अर्जुन बड़ाईक ने सतबहिनी में कई विशेष किस्म के पौधरोपण की घोषणा की है। मानस महायज्ञ की रजत जयंती समारोह यानि 25 वें महायज्ञ 13 फरवरी से 23 फरवरी 2025 के बीच ही पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। इस दौरान लाल चंदन के दो, रक्त चंदन के दो, श्वेत चंदन के दो, रूद्राक्ष के दो, शिवलिंगि का एक और कल्पतरु के चार पौधों के रोपण का कार्यक्रम रखा गया है। इस क्रम में तेजपत्ता का भी दो पौधा लगाएंगे। ताकि भंडारा का स्वाद और सुगंध में काम आये। पौधा लगाने के लिये गड्ढा डेढ़ फुट गहरा और उतना ही लंबा और चौड़ा रहेगा। ऊपर 9 इंच की मिटटी अलग रखी जायेगी और उतना ही सूखा गोबर मिलाकर अच्छी तरह से पीटकर मिश्रण बना दिया जायेगा। पौधरोपण के दो दिन पहले और एक दिन पहले गड्ढों में पानी भर दिया जायेगा। पौधरोपण कार्य के पहले गोबर मिट्टी मिश्रण से गड्ढा को भर दिया जायेगा और तब पौधारोपण का कार्य सम्पन्न होगा। कल्पतरु के पौधों में दूरी पच्चीस फीट कम से कम और बाकी सभी के बीच पंद्रह फीट रखी जायेगी। कल्पतरु के पेंड़ हजारों वर्षों तक छाया देंगे और उनकी मोटाई बहुत ज्यादा होगी। उन्होंने कहा कि पौधा संरक्षण के लिये गैबियन की मुख्य रूप से जरूरत होगी। डीएफओ अर्जुन बड़ाईक ने कहा कि पौधारोपण एवं गैबियन से घेरा बंदी का कार्य मेरे तरफ से किया जायेगा। बाकी पौधों की सिंचाई एवं पौध संरक्षण का कार्य मां सतबहिनी झरना तीर्थ एवं पर्यटन स्थल विकास समिति के जिम्में रहेगा।



## बीएसकेडी ने मिलेनियम को 174 रनों से हराया

# संत पॉल रेहला की छह विकेट से जीत

बंशीधर न्यूज




**गढ़वा :** गोविंद हाईस्कूल के मैदान में खेले जा रहे 23 वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के पांचवे दिन संत पॉल रेहला की टीम ने एसजीएन किंडर गार्डन मेराल को छह विकेट से एवं बीएसकेडी ने मिलेनियम पब्लिक स्कूल को 174 रनों से हराकर अगले चक्र में प्रवेश किया। एसजीएन किंडर गार्डन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुये 9 विकेट खोकर 70 रन बनाये। जबाबी पारी खेलने उतरी संत पॉल रेहला की टीम ने जीशान के 51 रन के सहारे चार विकेट खोकर जीत हासिल कर ली। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार संत पॉल रेहला के जीशान को दिया गया। दूसरे मैच में मिलेनियम पब्लिक स्कूल के कप्तान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बीएसकेडी ने पीयूष ने 63 और आदित्य के 50 रन के बदौलत निर्धारित ओवरों में पांच विकेट खोकर 214 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। 215 रनों के लक्ष्य को खेलने उतरी मिलेनियम पब्लिक स्कूल 40 रन पर ही सिमट गई। बीएसकेडी की ओर से पीयूष ने चार विकेट प्राप्त किया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार बीएसकेडी के पीयूष को दिया गया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार प्रतियोगिता के पदाधिकारी सह पूर्व खिलाड़ी पंकज कुमार सिंह, सचिव आनंद सिन्हा, पर्यवेक्षक चंद्र भूषण सिन्हा ने प्रदान किया। मौके पर उपाध्यक्ष दीपक, सह सचिव प्रिंस सोनी, अभिषेक द्विवेदी, संजय तिवारी, रोहन तिवारी, मनीष उपाध्याय, आकाश कुमार, धीरज, रोहित प्रजापति आदि उपस्थित थे। अंपायर की भूमिका धीरज, आलोक कुमार, विशाल कुमार और स्कोरर की भूमिका मंजय पाल, वही कॉमेंटेटर की भूमिका मनोज तिवारी ने निभाई।

## अतिक्रमण कारियों को अतिक्रमण हटाने के लिये सीओ ने दी चेतावनी



**कांडी :** सीओ राकेश सहाय ने कहा है कि सोमवार को कांडी बाजार की सरकारी भूमि पर से अवैध अतिक्रमण को हटा दिया जायेगा। उन्होंने शुक्रवार को पुलिस पदाधिकारी के साथ पूरे कांडी बाजार क्षेत्र में घूम घूम कर सरकारी भूमि पर से अपना अतिक्रमण स्वयं हटा लेने की बात लोगों से कही है। अन्यथा प्रशासन बल पूर्वक हटायेगी। ज्ञात हो कि कांडी बाजार क्षेत्र में 78 डिसमिल सरकारी जमीन पर कई लोगों ने स्थायी व अस्थायी अवैध कब्जा कर रखा है। वैसे 67 लोगों को प्रशासन ने नोटिस तामिला किया है।

## नगर निगम के एंक्रोचमेंट ड्राईव के खिलाफ व्यवसायी संघ के साथ आये विधायक



**मेदिनीनगर :** नगर निगम की ओर से शहर में शुरू किये गये एंक्रोचमेंट ड्राईव को लेकर व्यवसायियों के एक वर्ग में खलबली मची हुई है। अपनी इसी खलबली का इजहार करते हुये डालटनगंज चेंबर ऑफ कॉमर्स एवं पलामू जिला व्यवसायी संघ के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को अतिक्रमण अभियान के खिलाफ शहर के बाजार क्षेत्र के व्यवसायियों ने अपनी दुकाने बंद रखी और जुलूस निकाला। यह जुलूस कचहरी तक पहुंचा जहां चेंबर एवं संघ के लोगों ने नगर निगम के सहायक नगर आयुक्त के साथ बैठक कर अपनी बात रखी। व्यवसायी नेताओं द्वारा कहा गया कि नगर निगम पहले सड़क पर व्हाइट लाईनिंग करें, इसके बाद अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाय। साथ ही ठेला, सब्जी, फल व स्ट्रीट वेंडर के लिये पहले भिंडर मार्केट का निर्माण किया जाय। इसके बाद ही उन्हें हटाया जाय। चेंबर एवं संघ के सदस्यों के साथ नगर निगम के अधिकारियों की एक संयुक्त टीम बने, जो अतिक्रमण को चिन्हित करेगी, उसके बाद व्यवसायियों को नोटिस दिया जायेगा और अतिक्रमण हटाने का समय दिया जायेगा। मौके पर पूर्व डिप्टी मेयर मंगल सिंह, डालटनगंज चेंबर ऑफ कॉमर्स के महासचिव विनोद उदयपुरी, अध्यक्ष गणेश गिरी, पलामू जिला व्यवसायी संघ के प्रभात उदयपुरी, पंकज कुमार जायसवाल, शंभु वर्मा, राजेश भगत, अनवर अहमद, जिशान खान, राजीव रंजन समेत बड़ी संख्या में व्यवसायी उपस्थित थे।

**व्यवसायियों के साथ हमेशा खड़ा रहूंगा : आलोक**

डालटनगंज विधायक आलोक चौरसिया ने कहा कि उनके विधानसभा क्षेत्र के नगर निगम मेदिनीनगर में नगर आयुक्त के निर्देश पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जा रहा है। इसमें बिना किसी नोटिस के नगर निगम के पदाधिकारी बल पूर्वक अतिक्रमण हटाने का काम कर रहे हैं। जेसीबी से घर का छज्जा एवं दुकानों को तोड़ा जा रहा है। यह कार्रवाई व्यवसायी संघ से बात किये बिना की जा रही है, यह उचित नहीं है। उन्होंने बताया कि व्यवसायियों की टीम के साथ नगर निगम के सहायक आयुक्त से बातचीत कर कई प्रस्ताव दिये गये हैं, जिसपर विचार करने के बाद ही अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाने की बात कही गयी है। कहा गया है कि अतिक्रमण को चिन्हित करने के लिये टीम बनायी जाय। वाहन पार्किंग के लिये कांग्रेस भवन के बगल की निगम की जमीन पर पांच तल्ले की पार्किंग बनायी जाय। इसके अलावे भी कई प्रस्ताव दिये गये हैं, जिसपर अमल करने से व्यवसायियों की परेशानी कम होगी और शहर को जाम से मुक्ति मिल सकती है। उन्होंने कहा कि वे अपने क्षेत्र के व्यवसायियों के साथ हमेशा खड़ा रहेंगे।

## खो-खो प्रतियोगिता के लिये राज स्तरीय टीम में चुनी गई पलामू की साधना व लक्ष्मी

**मेदिनीनगर :** 68 वीं अंडर 17 नेशनल खो खो प्रतियोगिता के लिये स्थानीय बीसीसी मिशन बालिका उच्च विद्यालय की खिलाड़ी साधना कुमारी व लक्ष्मी कुमारी का चयन झारखण्ड टीम में किया गया है। प्रतियोगिता डायरेक्टर ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन उत्तर प्रदेश व स्कूल गेम फेडरेशन ऑफ इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में अयोध्या स्थित गवर्नमेंट इंटर कॉलेज में 21 से 24 दिसंबर आयोजित किया गया है। झारखंड शिक्षा परियोजना के द्वारा रांची में आयोजित राज्यस्तरीय खो-खो प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर दोनों खिलाड़ियों का चयन किया गया है। पलामू जिला खो-खो एसोसिएशन के सचिव संजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि प्रतियोगिता में शामिल होने के लिये सभी खिलाड़ी आज रांची से अयोध्या के लिये रवाना हुये। नेशनल प्रतियोगिता के लिये पलामू से दो खिलाड़ियों के चयन पर बीसीसी मिशन बालिका उच्च विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सिस्टर इग्नेशिया स्कूल के अलावा पलामू जिला ओलंपिक एसोसिएशन के अध्यक्ष किशोर कुमार पांडेय, पलामू जिला खो खो एसोसिएशन के अध्यक्ष अजातशत्रु प्रसाद सिन्हा, कोषाध्यक्ष कमलानंद दुबे, जीजीपीएस स्कूल के शारीरिक शिक्षक अनिल कुमार पांडेय, शारीरिक शिक्षक प्रदीप कुमार मेहता, साइकलिंग संघ के सचिव सिद्धार्थ कुमार, पलामू जिला शूटिंग संघ के अध्यक्ष अमरेंद्र कुमार पाठक, सचिव अशोक कुमार सिंह, वूशु संघ के अध्यक्ष रमेश चंद्र प्रसाद, सचिव समित वर्मन, रेशमा पाण्डेय, सोनी कुमारी, प्रीति कुमारी आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।

# आंगनबाड़ी केन्द्र की जांच के दौरान गायब मिली सेविका, बच्चों की उपस्थिति भी थी नगण्य



## सेविका के विरुद्ध कार्रवाई के लिये जिले में भेजा जायेगा जांच रिपोर्ट : बीडीओ

बंशीधर न्यूज

**विश्रामपुर :** उंटारी रोड प्रखंड के बीडीओ श्रवण कुमार भगत ने क्षेत्र से मिल रहे लगातार शिकायत के बाद शुक्रवार को तीन आंगनबाड़ी केंद्र व एक स्कूल का निरीक्षण किया। जिसमें कई गड़बड़ियां पाई गई। उन्होंने जांच के दौरान लुम्बा सतबहिनी ग्राम पंचायत के गवरलेटवा के दो एवं सतबहिनी के एक आंगनबाड़ी केंद्र का औचक निरीक्षण किया। जहां सेविका अनुपस्थित पाई गई, वहीं बच्चों की संख्या भी नगण्य मिली। बीडीओ ने बताया कि ग्रामीणों से लगातार शिकायत मिल रही थी कि सभी केंद्र अनियमित चलता है। वहीं बच्चों की उपस्थिति भी कम रहती है। ग्रामीणों की शिकायत के आलोक में जांच किया गया जिसमें लोगों की शिकायत सही पाई गई। उन्होंने सेविका के विरुद्ध कार्रवाई के लिये जांच रिपोर्ट जिले में भेजने की बातें कही है ताकि उनकी मनमानी रवैया पर अंकुश लगाया जा सके। उन्होंने बताया कि राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय गवरलेटवा का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान एक भी पंजी अपडेट नहीं मिला। शिक्षक को रजिस्टर अपडेट करने का सख्त निर्देश दिया गया। बीडीओ ने बताया कि जांच आगे भी जारी रहेगा।

## न्यूज अपडेट्स

### राज्यस्तरीय दौड़ प्रतियोगिता के लिये खिलाड़ियों का चयन


**मेदिनीनगर :** पलामू जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के तत्वावधान में जीएलए कॉलेज स्टेडियम में जिलास्तरीय क्रॉस कंट्री दौड़ प्रतियोगिता आयोजित किया गया। प्रतियोगिता में पलामू जिला के विभिन्न प्रखंडों से लगभग 200 खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि पलामू जिला ओलंपिक एसोसिएशन के वरीय उपाध्यक्ष कमलानंद दुबे व पलामू जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के अध्यक्ष आजात शत्रु प्रसाद सिन्हा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर एवं 10 किमी दौड़ को हरी झंडी दिखाकर कर किया। प्रतियोगिता का संचालन एथलेटिक्स कोच मोनू कुमार, रिया कुमारी, प्रीति कुमारी, पूजा कुमारी, मोनी कुमारी, अंशु कुमारी ने संयुक्त रूप से किया। पलामू जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के सचिव संजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि आज की प्रतियोगिता में सफल खिलाड़ी 31 दिसंबर से जमशेदपुर में आयोजित राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। प्रतियोगिता में अंडर 16 बालक वर्ग में सुधाकर कुमार मेहता, संदीप सिंह व सनी कुमार तथा बालिका वर्ग में पुष्पा कुमारी, चंचल कुमारी व रानी कुमारी, अंडर 18 बालक वर्ग में अख्तर अंसारी, अविनाश कुमार व मनोज कुमार तथा बालिका वर्ग में पूजा कुमारी, रोशनी तिरु व प्राकृतिक तिर्की, अंडर 20 बालक वर्ग में आर्यन कुमार व सुनील उरांव तथा बालिका वर्ग में राजलक्ष्मी कुमारी व शाहिना खातून, 20 वर्ष से ऊपर पुरुष वर्ग में पतरस बरला, विकास कुमार, कुंदन कुमार, देवेंद्र कुमार विश्वकर्मा, सौरभ पन्ना का चयन किया गया है।

**अपराध** आधा दर्जन पंप के साथ गिरफ्तार कर भेजा जेल

# पूर्व मुखिया का बेटा निकला पम्प चोर गिरोह का मास्टरमाइंड

बलराम शर्मा





**मेराल :** एसपी दीपक कुमार पांडेय के निर्देश पर मेराल थाने की पुलिस ने क्षेत्र के सीमावर्ती गांव हारादाग कला (रमना थाना क्षेत्र) से समरसेबल मोटर चोर गिरोह के मास्टरमाइंड मुन्ना चौधरी को चोरी किये आधा दर्जन पंप के साथ गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया है। मेराल थाना में पत्रकार वार्ता के दौरान इसकी जानकारी देते हुये एसडीपीओ नीरज कुमार ने बताया कि मुन्ना चौधरी समरसेबल मोटर चोर गिरोह का मास्टरमाइंड है जो 9 माह से फरार चल रहा था। मुन्ना चौधरी हारादाग के पूर्व मुखिया ललन चौधरी का बेटा है। उन्होंने बताया कि एसपी दीपक कुमार पांडेय को सूचना मिली की मुन्ना चौधरी अपने घर पर आया हुआ है, इसके बाद थाना प्रभारी विष्णु कांत के नेतृत्व में टीम गठित कर मुन्ना को उसके घर से गिरफ्तार किया गया। एसडीपीओ ने बताया कि 29 मार्च 2024 की रात्रि में मेराल थाना क्षेत्र के अकलवानी गांव में रोहित कुमार के दुकान में चोरी की घटना घटी थी। जिसका उद्भेदन करते हुये तीन अभियुक्तों को चोरी के समान एवं 10 मोटर के साथ गिरफ्तार किया गया था। तभी से गिरोह का मास्टरमाइंड मुन्ना चौधरी फरार चल रहा था। 19 दिसंबर की रात्रि में मुन्ना चौधरी को उसके घर से गिरफ्तार किया गया तथा उसकी निशानदेही पर छापेमारी कर थाना क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों से चोरी किये गये दो टुल्लू पंप मोटर, एक सोलर पंप (समरसेबल) तथा तीन समरसेबल पंप बरामद किया गया। एसडीपीओ नीरज कुमार के निर्देशन में गठित छापेमारी दल में थाना प्रभारी विष्णु कांत, पुलिस अवर निरीक्षक रवि कुमार, दीपक पासवान, सअनि आशीर्वाद महतो एवं रिजर्व गार्ड के जवान शामिल थे।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने चलाया जागरूकता अभियान

बंशीधर न्यूज



**गढ़वा :** माननीय उच्च न्यायालय झालसा रांची के निर्देश पर 90 दिवसीय आउटरीच प्रोग्राम के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में प्रखंड के पीएम श्री उच्च विद्यालय जाटा में शुक्रवार को जागरूकता अभियान चलाया गया। मौके पर पीएलवी रामाशंकर चौबे ने कहा कि बाल विवाह अभिशाप है। उन्होंने बाल विवाह के बारे में बच्चों को विस्तार से जानकारी दी। साथ ही इसे कैसे रोकें इसकी भी जानकारी दी। पीएलवी मुरली श्याम तिवारी ने बाल मजदूरी के साथ-साथ शिक्षा के संबंध में बच्चों को जागरूक किया। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की कानूनी सहायता लेने के लिये आप 15100 पर कॉल कर सकते हैं। इस दौरान पीएलवी ने बच्चों को मध्यान भोजन अपने हाथों से कराया। पीएलवी कृष्णानंद दुबे ने दहेज प्रथा एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा बारे में जानकारी दी। मौके पर काफी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### पदाधिकारी व जनप्रतिनिधियों की अनुपस्थिति के कारण उंटारी में नहीं हुई सतर्कता समिति की बैठक

**विश्रामपुर :** उंटारी रोड प्रखंड में शुक्रवार को निर्धारित सतर्कता समिति की बैठक पदाधिकारी व पंचायत प्रतिनिधियों के नहीं आने के कारण नहीं हुई। बीडीओ श्रवण भगत ने बताया कि बैठक की जानकारी समिति के सभी सदस्यों को पहले ही दी गयी थी। बावजूद किसी ने इस बैठक की अहमियत नहीं दी। इतना ही बैठक में भाग लेने कुछ पंचायत के मुखिया व पंचायत समिति सदस्य स्वयं नहीं आकर उनके प्रतिनिधि आये थे जिन्हें बैठक में भाग लेने का अधिकार ही नहीं है। बीडीओ श्री भगत ने बताया कि उन्होंने सख्त आदेश जारी किया है कि किसी भी बैठक में पंचायत के जनप्रतिनिधि स्वयं भाग लेंगे अन्यथा उनके पति व प्रतिनिधि किसी भी हालत में हिस्सा नहीं ले सकते। क्योंकि यह सरकारी नियमों का घोर उल्लंघन है। जिसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है। बीडीओ ने सतर्कता समिति के सभी सदस्यों को अगली बैठक में शामिल होने का सख्त निर्देश दिया है।

### उमवि में पीएलवी ने चलाया जागरूकता अभियान



**गढ़वा :** माननीय उच्च न्यायालय झालसा रांची के निदेर्शानुसार 90 दिवसीय आउटरीच प्रोग्राम के तहत शुक्रवार को गढ़वा प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय करमडीह में जागरूकता अभियान चलाया गया। मौके पर पीएलवी उमाशंकर द्विवेदी ने बच्चों को बाल मजदूरी, बाल विवाह संबंधित अन्य कानूनी जानाकरी दी। उन्होंने कहा कि बच्चों को पढ़ाई लिखाई पर ध्यान देना चाहिये। उन्होंने कहा कि बाल विवाह एवं किसी भी प्रकार का शोषण उत्पीड़न होता है। पीएलवी संगीता सिन्हा ने कहा कि आप बाल विवाह को रोक सकते हैं। इसके लिये चाईल्डलाईन के नंबर 1098 पर कॉल कर-के इसकी सूचना दें। वहीं पीएलवी तृप्ता भानू ने कहा कि 18 साल से कम उम्र की लड़की और 21 साल से कम उम्र के लड़के की शादी को बाल विवाह माना जाता है। बाल विवाह करने वाले को दो साल की जेल या एक लाख रुपये का जुमार्ना या दोनों हो सकता हैं। मौके पर काफी संख्या में बच्चे उपस्थित थे।

### झामुमो नेता ताहिर अंसारी को मातृ शोक



**रमना :** प्रखंड के बुल्का गांव निवासी सह झामुमो के केंद्रीय कार्यसमिति सदस्य ताहिर अंसारी की माता रशीदन बीबी का शुक्रवार की अगले सुबह निधन हो गया। वह 75 वर्ष की थी। वह कुछ दिनों से बीमार चल रही थी। उनका इलाज गढ़वा के निजी अस्पताल से चल रहा था। निधन की सूचना मिलते ही शोक संवेदना व्यक्त करने वालों का पूरे दिन तांता लगा रहा। बुल्का स्थित ईदगाह में जनाजे की नमाज के बाद उन्हें सुपुर्दे खाक किया गया। शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में विधायक अनंत प्रताप देव, झामुमो युवा नेता दीपक प्रताप देव, जिप अध्यक्ष शांति देवी, मुमताज खान, नितेश सिंह, झामुमो नेता मुमताज खान, अजय वर्मा, जितेंद्र कुमार, रेखा चौबे, अरुण दुबे, मेराज प्रमुख दीपमाला, राजकुमार यादव, लल्लू राम, नागेद्र कुमार सिंह, राहत हुसैन, डॉ हरिदास यादव, मो गुलाम नबी, महमूद आलम आदि का नाम शामिल है।

### दर्जनों बाईकें जब्त कर काटा चालान



**धुरकी :** बाईक छोड़ने के लिये पैरवी करने के बजाय लोगों को करें जागरूक। उक्त बातें थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार ने वाहन चेकिंग अभियान के दौरान कही। शुक्रवार को एसपी के निर्देशानुसार थाना क्षेत्र के सगमा में सघन वाहन चेकिंग अभियान थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार के नेतृत्व में चलाया गया। जहां बिना कागजात, ड्राईविंग लाईसेंस, हेलमेट के चल रहे दर्जनों बाईक को जब्त कर चालान काटा गया। इस दौरान थाना प्रभारी ने बाईक चालकों से आग्रह किया कि बाईक जांच के क्रम में पैरवी करने के बजाय अपने क्षेत्र के लोगों को जागरूक करें, ताकि वे घर से जब भी निकले तो हेलमेट पहनकर व सारी कागजात लेकर चलें। साथ ही ट्रैफिक नियम का पालन अवश्य करें ताकि उनकी जान माल की सुरक्षा सुरक्षित रहे। उन्होंने कहा कि ट्रैफिक नियम का पालन करना मतलब वाहन चलते समय जीवन को सुरक्षित करना है। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय के निर्देश पर अपराध नियंत्रण व यातायात नियमों का पालन करने के लिये वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है, यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

## मेराल में भाजपा के सदस्यता अभियान को लेकर हुई बैठक

# बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं को जोड़ने का लक्ष्य

बंशीधर न्यूज




**मेराल :** भाजपा के सदस्यता अभियान को लेकर हाईस्कूल के स्टेडियम में कार्यक्रम प्रभारी विवेकानंद तिवारी की उपस्थिति में दक्षिणी मंडल अध्यक्ष मनोज जायसवाल के नेतृत्व में बैठक हुई। जिसमें पार्टी कार्यकर्ता, मंच मोर्चा के पदाधिकारी, बूथ अध्यक्ष, शक्ति केंद्र संयोजक, सहसंयोजक शामिल हुये। बैठक में कार्यकताओं से अधिक से अधिक सदस्य बनाकर पार्टी तथा देश को मजबूत करने का आह्वान किया गया। विवेकानंद तिवारी ने कहा कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है और इस पार्टी की सदस्यता ग्रहण करना हम सबों के लिये गर्व की बात है। उन्होंने पार्टी के सभी कार्यकताओं को गढ़वा विधानसभा चुनाव में बड़ी जीत दिलाने की खुशी में मंडल के सभी कार्यकर्ताओं को बधाई दी। इस अवसर पर सभी पंचायत में दो प्रभारी नियुक्त किये गये जो अपने पंचायत के बूथ स्तर के कार्यकर्ता को जोड़ने का काम बताएंगे जिससे अधिक से अधिक कार्यकर्ता बनाने में सहयोग मिलेगा। सदस्यता अभियान की शुरूआत मोबाईल नंबर 8800002024 पर मिस कॉल कर किया गया। बैठक में मंडल उपाध्यक्ष शंकर यादव, विजयपाल, युगुल दुबे, महामंत्री अमित कुमार साह, राधेश्याम यादव, श्यामलाल पासवान, वीरेंद्र ठाकुर, कृष्ण प्रसाद कुशवाहा, शिव नारायण चौधरी, अनीष अंसारी, धनंजय शर्मा, भोला पासवान, सिकंदर पासवान सहित कई कार्यकर्ता शामिल थे। धन्यवाद ज्ञापन मंडल महामंत्री राजेश यादव ने किया।




## मौनी रॉय ने अपने नए प्रोजेक्ट 'सलाकार' की घोषणा

अभिनेत्री मौनी रॉय ने सोशल मीडिया पर अपने नए प्रोजेक्ट 'सलाकार' के संबंध में एक घोषणा की है। इस पोस्ट के साथ अभिनेत्रीरॉय ने अपने आगामी प्रोजेक्ट 'सलाकार' के सेट से पर्दे के पीछे की तस्वीरें शेयर कीं। क्लैपबोर्ड की एक तस्वीर में रॉय निर्देशक फारुक कबीर के साथ पोज दे रही हैं। पोस्ट का कैप्शन देते हुए मौनी ने लिखा, तैयार हो जाइए 2025 के लिए। फैंस इस प्रोजेक्ट और मौनी की भूमिका के बारे में अनुमान लगा रहे हैं। हालांकि, विवरण अभी तक गोपनीय हैं। फिल्म की रिलीज 2025 में तय की गई है। अपने अभिनय करियर के अलावा मौनी रॉय एक उद्यमी के रूप में भी अपनी छाप छोड़ी है। वह 'बदमाश' नामक एक रेस्टोरेंट चेन की मालकिन हैं। स्क्रीन पर हो या बाहर, मौनी अपने फैंस को हमेशा जोड़े रखती हैं।

## तीसरे सप्ताह में 'पुष्पा-2' की कमाई में आयी कमी



अभिनेता अल्लू अर्जुन और अभिनेत्री रश्मिका मंदाना की फिल्म 'पुष्पा-2: 'द रूल' देशभर के सिनेमाघरों में रिलीज हुए 15 दिन हो गए हैं और रिकार्ड तोड़ कमाई कर रही है। तीसरे हफ्ते में फिल्म की कमाई में गिरावट आई है। इस फिल्म का 15वें दिन की कमाई अब तक की सबसे कम है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, 'पुष्पा 2 : द रूल' ने पहले हफ्ते में 725.8 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था। दूसरे हफ्ते में फिल्म ने घरेलू बॉक्स ऑफि स पर कुल 264.9 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया, लेकिन तीसरे हफ्ते में प्रवेश करते ही बॉक्स ऑफिस पर फिल्म की कमाई की गति धीमी हो गई। फिल्म ने 15वें दिन 17.55 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया। ऐसा लग रहा था कि 'पुष्पा 2 : द रूल' 15वें दिन भारतीय बॉक्स ऑफिस एक हजार करोड़ का आंकड़ा पार कर जाएगी, लेकिन ऐसा नहीं हो सका। 15वें दिन के कलेक्शन के साथ 'पुष्पा 2: द रूल' की भारतीय बॉक्स ऑफिस कुल कमाई 990.7 करोड़ रुपये हो पाई। इसी बीच 20 दिसंबर को दो नई फिल्में दस्तक दी है। इनमें नाना पाटेकर व उत्कर्ष शर्मा स्टारर फिल्म 'वनवास' और म्यूजिकल ड्रामा फिल्म 'मुफासाः द लायन किंग' आज रिलीज हो गई है। इन दोनों फिल्मों रिलीज होने से पहले 'पुष्पा 2: द रूल' की कमाई कम हुई है।





**लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला रेड क्रॉस रोड के बाहर मोबाइल मेडिकल यूनिट का उद्घाटन करते हुए, साथ में केन्द्रीय स्वाथ्य मंत्री जेपी नड्डा और केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल।**

# हंगामे के बीच संसद अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

**नई दिल्ली।** संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने शुक्रवार को कहा कि विपक्ष की ओर से किए गए व्यवधानों के कारण संसद की उत्पादकता में कमी आई है। सरकार ने संसद को चलाने के लिए बहुत प्रयास किया। वे विपक्ष से अपेक्षा और अनुरोध करते हैं कि वह बजट सत्र में इस तरह की गड़बड़ी पैदा न करें। संसदीय कार्यमंत्री ने आज दोनों सदनों की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित होने के बाद संसद में हुए कामकाज का ब्यौरा मीडिया के समक्ष रखा। उन्होंने बताया कि इस सत्र में लोकसभा में 4 और राज्यसभा में 3 विधेयक पारित किए गए। इस दौरान रिजिजू ने संसद में कल हुई धक्का मुक्की घटना की निंदा की । उन्होंने कहा कि आज लोकसभा अध्यक्ष ने संसद में अनुशासन बनाए रखने को लेकर एक नोटिस जारी किया है। उन्होंने बताया कि संसद के इस सत्र में 26 दिनों में लोकसभा की 20 और राज्यसभा की 19 बैठकें हुई। लोकसभा और राज्यसभा में क्रमशः 4 और 3 विधेयक पारित किये गये। संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान आज लोकसभा में विपक्ष के हंगामे के बीच एक देश-एक चुनाव से जुड़ा 129वां संविधान संशोधन विधेयक संयुक्त संसदीय समिति के पास



भेज दिया गया। इसके बाद लोकसभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल तक के लिए स्थगित कर दी गई। लोकसभा की कार्यवाही सुबह 11:00 बजे शुरू होते ही विपक्ष ने बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर के मुद्दे पर शोर-शराबा शुरू कर दिया। विपक्षी सदस्यों की नारेबाजी के बीच केंद्रीय कानूनमंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने संविधान संशोधन विधेयक को संसद की संयुक्त कार्य समिति को भेजने का प्रस्ताव रखा। हंगामे के बीच प्रस्ताव को ध्वनिमत से पारित कर सदन की अनुमति प्रदान की गई। जेपीसी में 39 सदस्य हैं, जिनमें से 27 सदस्य लोकसभा और 12 राज्यसभा से हैं। वहीं राज्यसभा भी आज अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई। शुक्रवार को सुबह सदन की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्ष ने हंगामा शुरू कर दिया। सदन की कार्यवाही को पहले दोपहर 12 बजे तक और बाद में दिनभर तक के लिए स्थगित कर दिया गया। 12 बजे कार्यवाही शुरू होने पर 'एक राष्ट्र एक चुनाव' के लिए गठित संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के लिए राज्यसभा के 12 सांसद को नामित किया गया।

### लोकसभा : शीतकालीन सत्र एक नजर

अठारहवीं लोक सभा के तीसरे सत्र के अंतिम दिन आज लोकसभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित हो गई। 25 नवंबर से शुरू हुए सत्र में 20 बैठकें हुई और 62 घंटे कामकाज हुआ। लोक सभा की 20 बैठकें हुई जो लगभग 62 घंटे तक चलीं। अठारहवीं लोक सभा के तीसरे सत्र के दौरान उत्पादकता 57.87 प्रतिशत रही। भारत के संविधान की 75 वर्षों की गौरवशाली यात्रा पर चर्चा 13 दिसंबर को शुरू हुई और 14 दिसंबर को समाप्त हुई। सत्र के दौरान पांच सरकारी विधेयक पेश किए गए और चार विधेयक पारित किए गए। इसके अलावा शून्य काल के दौरान 61 तारांकित प्रश्नों के मौखिक उत्तर दिए गए और सदस्यों द्वारा अविलंबनीय लोक महत्व के 182 मामले उठाए गए। नियम 377 के अधीन कुल 397 मामले उठाए गए। 28 नवंबर को दो नवनिर्वाचित सदस्यों ने शपथ ली।

### राज्यसभा : शीतकालीन सत्र एक नजर

शुक्रवार को सभापति जगदीप धनखड़ ने बताया कि इस सत्र की उत्पादकता मात्र 40.03 प्रतिशत है, जिसमें केवल 43 घंटे और 27 मिनट ही प्रभावी कामकाज हुआ। इस सत्र में तेल क्षेत्र संशोधन विधेयक और बॉयलर्स विधेयक 2024 पारित किया गया और भारत-चीन संबंधों पर विदेश मंत्री का बयान हुआ।

## शिक्षा कोई पेशा नहीं बल्कि एक सेवा है : डॉ. मोहन भागवत

**मुंबई।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने कहा कि




शिक्षा व्यवस्था का स्वरूप न केवल नियामक होना चाहिए बल्कि शिक्षा के अनुकूल होना चाहिए। मोहन भागवत ने कहा कि साक्षरता और शिक्षा में अंतर है। शिक्षा कोई पेशा नहीं वरन एक व्रत है, इसका पालन करना जरूरी है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. भागवत शुक्रवार को पुणे में पाषाण इलाके में लोकसेवा ई स्कूल के नये भवन के उद्घाटन के मौके पर बोल रहे थे। इस अवसर पर पूर्व चार्टर्ड अधिकारी अविनाश धर्माधिकारी, शास्त्रीय संगीत गायक महेश काले, भारतीय जैन एसोसिएशन के संस्थापक शांतिलाल मुत्था, कॉसमॉस बैंक के अध्यक्ष मिलिंद काले, उद्यमी पुनीत बालन, लोकसेवा प्रतिष्ठान के निदेशक एडवोकेट वैदिक पेगुडे, पूर्व निदेशक निवेदिता मडकिकर और अन्य उपस्थित थे। इस अवसर पर मोहन भागवत ने कहा कि लोगों को शिक्षा का विषय चौखट में नहीं अटकना चाहिए, यह समाज पर आधारित होना चाहिए। इसके लिए समाज को ध्यान रखना चाहिए। भागवत ने कहा कि साक्षरता और शिक्षा में अंतर है। अपना पेट भरना शिक्षा नहीं है। इंसान बनने के लिए शिक्षा की जरूरत होती है। इंसान बनाने की प्रक्रिया ही शिक्षा है।

**Hit लिस्ट**

## जाकिर हुसैन सैन फ्रांसिस्को में सुपुर्द-ए-खाक

**न्यूयॉर्क।** विश्व प्रसिद्ध तबला वादक जाकिर हुसैन को शोकाकुल परिवार और प्रशंसकों ने अंतिम विदाई दी। उन्हें सैन फ्रांसिस्को में 19 दिसंबर को सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया। प्रसिद्ध ताल वादक ए. शिवमणि एवं अन्य




नामचीन कलाकार उन्हें श्रद्धांजलि देने पहुंचे। सभी ने नम आंखों से उस्ताद जाकिर हुसैन की विदाई के अंतिम क्षणों में ड्रमों पर प्रदर्शन किया। 73 वर्षीय उस्ताद जाकिर हुसैन का फेफड़ों की बीमारी इडियोपैथिक पल्मोनरी फाइब्रोसिस से उत्पन्न जटिलताओं के कारण पिछले दिनों सैन फ्रांसिस्को के एक अस्पताल में निधन हो गया था। प्रसिद्ध तबला वादक अल्ला रक्खा के पुत्र जाकिर हुसैन को तबले की थाप को भारतीय शास्त्रीय संगीत की सीमाओं से परे जैज और पश्चिमी शास्त्रीय संगीत तक पहुंचाने का श्रेय है। उस्ताद के निधन की सूचना पर भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक्स हैंडल के माध्यम से परिवार को भेजे शोक संदेश में कहा था, महान तबला वादक उस्ताद जाकिर हुसैन के निधन से बहुत दुख हुआ।

## ट्रम्प से बातचीत को तैयार पुतिन

**मॉस्को।** रूस के राष्ट्रपति



व्लादिमीर पुतिन ने कहा है कि यूक्रेन युद्ध पर वह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से बातचीत करने को तैयार हैं। पुतिन ने कहा कि चूंकि युद्ध खत्म करने के लिए रूस और यूक्रेन दोनों को समझौता करना होगा। इसके लिए कोई शर्त नहीं है। दरअसल, एक बयान में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कार्यालय में आने के कुछ ही घंटों के भीतर वो यूक्रेन शांति समझौता कराने की बात कही थी। इसी को लेकर रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने साल की आखिरी प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि वो अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ हकिसी भी समयह बातचीत के लिए तैयार हैं। पुतिन ने आगे कहा कि रूस इस समय 2022 से ज्यादा मजबूत स्थिति में है।

**एमएस धोनी को उपलब्ध कराया गया था आवासीय प्लॉट, लेकिन अब इस आवासीय प्लॉट का हो रहा व्यावसायिक उपयोग**

# आवास बोर्ड फेंकेगा 'नोटिस' की गेंद, एमएस धोनी अपने घर से ही होंगे 'आउट'?



**बंशीधर न्यूज**

**रांची :** झारखंड राज्य आवास बोर्ड, क्रिकेट स्टार एमएस धोनी को नोटिस भेजने की तैयारी में है। आवास बोर्ड के इस कदम से धोनी की मुश्किलें बढ़ सकती है। आवास बोर्ड यह नोटिस उनके पुराने राजधानी रांची के हरमू रोड वाले घर के बारे में है। महेंद्र सिंह धोनी को यह प्लॉट राज्य सरकार ने दिया था, जहां उन्होंने आलीशान घर बनाया था। अब धोनी रांची के सिमलिया स्थित अपने प्राइवेट फॉर्म हाउस में रहते हैं, जबकि हरमू के लॉट पर एक लैब खुल रही है। आवास बोर्ड के अध्यक्ष संजय पासवान ने कहा कि राज्य सरकार की ओर से खेल के क्षेत्र में बेहतरीन प्रदर्शन करने पर एमएस धोनी को आवासीय प्लॉट उपलब्ध कराया गया था, लेकिन अब इस आवासीय प्लॉट का व्यवसायिक उपयोग नियम विरुद्ध होगा, इसलिए उन्होंने बोर्ड के पदाधिकारियों को पूरे मामले की जांच का आदेश दिया है। जांच के बाद आवश्यक कारवाई की जाएगी।

### बीजेपी के प्रदेश कार्यालय को लेकर भी भेजा गया था नोटिस

संजय पासवान ने शुक्रवार को बताया कि बोर्ड पहले भी ऐसे मामलों में कार्रवाई कर चुका है। कई लोगों को नोटिस भेजे गए हैं। कुछ के प्लॉट भी रद्द हुए हैं। उन्होंने बताया कि हरमू रोड में जहां बीजेपी का प्रदेश कार्यालय है, वो उस भूखंड का भी गलत तरीके से इस्तेमाल हो रहा है। इस मामले में भी बोर्ड की ओर से पहले ही नोटिस दिया जा चुका है।

### 2009 में भूखंड मिला था गिफ्ट में

एमएस धोनी ने क्रिकेट की दुनिया में रांची का नाम देश-दुनिया में रौशन किया, जिसके बाद वर्ष 2009 में झारखंड सरकार की ओर से एमएस धोनी को पांच कट्ठा आवासीय भूखंड गिफ्ट किया गया। यहां एमएस धोनी की ओर से एक शानदार घर बनाया गया और कई वर्षों यहां रहे। लेकिन बाद में वो सिमलिया स्थित अपने प्राइवेट आवास में शिफ्ट हो गए। धोनी के हरमू रोड स्थित मकान कई वर्षों तक एक सुरक्षा गार्ड के भरोसे खाली पड़ा रहा। अब उनके पुराना घर को क्लिनिक लैब में बदला जा रहा है। आवास बोर्ड के अध्यक्ष को इसकी जानकारी मिली, तो उन्होंने जांच के आदेश दिए हैं। जांच में यह देखा जाएगा कि धोनी को आवासीय प्लॉट मिला था या व्यावसायिक। अगर आवासीय प्लॉट पर व्यावसायिक काम हो रहा है तो यह गलत है।

प्रभात टुडे नेटवर्क के लिए राधेरमण चौबे द्वारा गुलाब मेमोरियल मार्केट श्री बंशीधर नगर गढ़वा झारखंड से प्रकाशित, प्रधान संपादक-धीरेन्द्र चौबे, संपादक-धर्मेन्द्र कुमार चौबे* फोन : 9471737671, web-www.banshidharnews.com-Email-prabhatodaynetwork@gmail.com, *समाचारों के चयन के लिए पी.आर.बी एक्ट के तहत जिम्मेदार (सभी वादों का निपटारा नगर ऊंटारी अनुमंडलीय न्यायालय के अधीन होगा)